# मैं दुखियारा दर तेरे आया भजन लिरिक्स

सारे जगत ने मुझको रुलाया,
मैं दुखियारा दर तेरे आया,
अपनों ने गैरों ने मुझे ठुकराया,
मै दुखियारा दर तेरे आया।bd।

---

याद मुझे बस तेरी आई,
याद करूं आँखें भर आई,
रो रो कर मैं करूँ दुहाई करूँ दुहाई
तूने मुझे क्या समझा पराया,
मै दुखियारा दर तेरे आया।bd।

---

मुश्किल हुआ है तुझ बिन जीना,
जान भी जाए पड़े ज़हर भी पीना,
तुझ बिन श्याम नहीं अब जीना,
हारे का साथी तू जग है पराया,
मै दुखियारा दर तेरे आया।bd।

---

कैसी अनोखी ये श्याम कहानी,
रोके रुके ना आँखों से पानी,
'योगेंद्र कमल' ने गाई ज़ुबानी,
सबके दिलों में तू है समाया,
मै दुखियारा दर तेरे आया।bd।

---

सारे जगत ने मुझको रुलाया,
मैं दुखियारा दर तेरे आया,
अपनों ने गैरों ने मुझे ठुकराया,
मै दुखियारा दर तेरे आया।bd।

**Singer & Writer – Yogendra Kamal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com